वार्षिक राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह

संस्थान में दिनांक 01 सितम्बर, 2018 से 28 सितम्बर 2018 तक हिन्दी माह मनाया गया एवं दिनांक 26.09.2018 को वार्षिक राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डा0 एस के धमीजा ने की, समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन तथा संस्थान के कुलगीत के साथ किया गया। संस्थान के प्रोफेसर प्रभारी (प्रशासन) इंजी0 पी.के सिंगला ने वर्ष के दौरान संस्थान में किए गए हिन्दी के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। हिन्दी माह के दौरान हिन्दी की 07 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें संस्थान के 123 अधिकारी/कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। समारोह के दौरान प्रश्न- मंच का आयोजन भी किया गया जिसमें संस्थान के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों ने भाग लिया। वर्ष के दौरान संस्थान में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए 03 प्रोत्साहन योजनाएं भी लागू की गई है। अध्यक्ष महोदय ने पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कृत किया एवं अपने अध्यक्षीय भाषण में हिन्दी की दिनों दिन बढ़ रही प्रगति की प्रशंसा की। उन्होंने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देने के साथ-साथ उन लोगों का भी उत्साहवर्धन किया जिन्होंने हिन्दी प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

...